इलाहाबाद बैंक ने हिंदुस्तान मोटर्स के साथ किया करार

कोलकाता, जागरण ब्यूरो : इलाहाबाद बैंक ने हिंदुस्तान मोटर्स के साथ वाणिज्यिक वाहनों की खरीद फरोख्त के लिए ऋण उपलब्ध कराने के लिए समझौता किया है। इस सिलसिले में इलाहाबाद बैंक के महाप्रबंधक (रिटेल क्रेडिट) विभाष श्रीवास्तव व हिंदुस्तान मोटर्स लिमिटेड के महाप्रबंधक दिव्येंदु चटर्जी ने समझौते पर हस्ताक्षर किया। इस अवसर पर श्रीवास्तव ने कहा कि इससे बैंक की वित्तीय विकास में मदद मिलेगी। व्यावसायिक वाहनों को ऋण दिया जायेगा। इस योजना का नाम कामर्शियल वेहिकल फिनांस स्कीम रखा गया है जिसके तहत देशभर के बैंक के ब्रांचों में ऋण देने की सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी। इसके तहत बैंक ग्राहकों को बगैर परेशानी के ऋण उपलब्ध करायेगा। उन्होंने कहा कि इलाहाबाद बैंक ने कारोबार में वृद्धि के लिए कई तरह के अन्य स्कीम भी चालू किये हैं। अब बैंक ने आसानी से ऋण देने की रणनीति अपनायी है जिससे अधिक से अधिक लोग व्यवसाय कर सकें। उल्लेखनीय है कि हिंदुस्तान कंपनी सीके बिड़ला समूह की कंपनी है। यह समूह मशीन, इलेक्ट्रिकल उत्पाद, पेपर सीमेंट, सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र के लिए काम कर रही है। हिंदुस्तान मोटर्स की हुगली, चेन्नई और इंदौर में कंपनियां हैं। कार, ट्रक व अन्य उपयोगी छोटे वाहनों का निर्माण करती है।